# भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर के कपाट हुए बंद



**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ाफाटक स्थित साहू धर्मशाला के भगवान जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट में स्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की प्रतिमाओं के महाभिषेक, पूजन व आरती के बाद मंदिर के कपाट 15 दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में शीतल जल से स्नान के कारण मान्यता अनुसार भगवान को ज्वर आ गया है, जिसे शास्त्रों में उनकी 'ज्वरलीला' कहा जाता है। भक्तों को उनके विशेष नवयौवन स्वरूप के दर्शन रथयात्रा के एक दिन पूर्व बुधवार 15 जुलाई को होंगे।

## भगवान को लगेगा जड़ी-बूटी का भोग

ट्रस्ट के सदस्य श्रीकान्त साहू ने बताया कि इस 15 दिनों की 'अनवसर' अवधि में केवल उनके निजी सेवक 'दयितगण' ही एकांतवास में प्रवेश कर सकते हैं और भगवान को स्वास्थ्य लाभ के लिए जड़ी-बूटी, काढ़े, खिचड़ी, दलिया एवं फलों के रस का भोग लगाया जाता है। इसके बाद पूर्ण स्वस्थ होकर भगवान 16 जुलाई को साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक से शुरू होने वाली भव्य रथयात्रा पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर हनुमानताल पहुंचेगी और वहां सिंहवाहिनी मंदिर में भगवान अपनी मौसी के घर विश्राम करेंगे।

# कान्हा नेशनल पार्क के कोर जोन पर तीन माह के लिए लगेगा ताला

**मंडला।** विश्व विख्यात कान्हा नेशनल पार्क के कोर एरिया में सोमवार 30 जून के बाद 01 जुलाई से अगले तीन महीनों के लिए पर्यटन पूरी तरह बंद हो जाएगा। रैन-सीजन की शुरुआत के चलते वन्यप्राणियों के प्रजनन काल और जंगलों के भीतर रास्तों के खराब होने की वजह से 1 जुलाई से 30 सितंबर तक कोर जोन में पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । सैलानी अब 1 अक्टूबर से दोबारा वनराज के दीदार कर सकेंगे। पार्क बंद होने के ठीक पहले कान्हा में पर्यटकों का जबरदस्त सैलाब उमड़ा।



# राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में जबलपुर के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

**नवभारत, जबलपुर।** इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में जबलपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। आयुष्मान मीना, आराध्या गुप्ता, हिमांशु गौर, आरना भदौरिया, पृथु गौतम और एश्वी मिश्रा सहित जबलपुर के अन्य खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर पूरे प्रदेश में अपनी विशेष पहचान बनाई है। जबलपुर के लिए यह ऐतिहासिक अवसर कई वर्षों के लंबे इंतजार के बाद प्राप्त हुआ है। ये जानकारी जिला बैडमिंटन अध्यक्ष जबलपुर लोकनाथ तिवारी ने दी है।

# जबलपुर में खुला प्रमुख इंटिमेटवियर ब्रांड ज़िवामे का नया स्टोर



**नवभारत, जबलपुर।** भारत के प्रमुख इंटिमेटवियर ब्रांड ज़िवामे ने जबलपुर में अपना नया फ्रेंचाइज़ी स्टोर शुरू किया है। यह कदम महिलाओं के लिए खरीदारी को आसान और सुलभ बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

इस मौके पर ज़िवामे की सीओओ और हेड किरुबा देवी ने कहा कि कंपनी पूरे भारत में अपना रिटेल नेटवर्क बढ़ा रही है। उनका लक्ष्य महिलाओं को आत्मविश्वास बढ़ाने वाला शॉपिंग अनुभव देना है। उन्होंने जबलपुर को एक महत्वपूर्ण बाज़ार बताया और कहा कि वे यहाँ की महिलाओं तक ज़िवामे का बेहतरीन अनुभव पहुँचाने के लिए उत्साहित हैं।

## स्टोर के खास फीचर्स और ब्रांड की विस्तार योजना

यह स्टोर ग्राहकों को लॉन्जरी, स्लीपवियर, शेपवियर और एक्टिववियर की बड़ी रेंज देगा। यहाँ प्रशिक्षित फिट एक्सपर्ट्स महिलाओं को सही फिट चुनने में मदद करेंगे ताकि वे बिना झिझक आरामदायक माहौल में खरीदारी कर सकें। साल 2011 में स्थापित ज़िवामे आज 100 से अधिक साइज़ में 50,000 से ज्यादा स्टाइल्स की पेशकश करता है। देशभर में 175 से अधिक एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स के साथ कंपनी बड़े शहरों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी विस्तार कर रही है। यह नया जबलपुर स्टोर ब्रांड की ओम्नीचैनल रणनीति को मजबूत करेगा, जिससे ग्राहक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से आसानी से जुड़ सकेंगे।

# खेत के मकान में संदिग्ध हालत में मिला अधेड़ का शव

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत निगवानी में सोमवार की दोपहर 47 वर्षीय सतानंद तिवारी का शव खेत में बने निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध हालत में मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौप कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने बताया कि शुरुआती पूछताछ और जानकारी के मुताबिक, मृतक सतानंद तिवारी पिछले लंबे समय से नशे का आदी था। इसके साथ ही वह किसी गंभीर बीमारी से भी जूझ रहा था।

# मेडिकल कॉलेज के तीन चिकित्सकों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

- स्लीप मेडिसिन परीक्षा में प्राप्त की सफलता




**जबलपुर ।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत स्थापित स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन के डीएम पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के तीन चिकित्सकों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित फेलोशिप इन स्लीप मेडिसिन (एफएसएम) परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन स्लीपकॉन-2026 के दौरान संपन्न हुई इस परीक्षा में महाविद्यालय के डीएम पल्मोनरी मेडिसिन के छात्र डॉ. पीयूष गोयल, डॉ. कुणाल रंजन एवं डॉ. अनूज मोहन ने सफलता प्राप्त की। इनमें डॉ. पीयूष गोयल को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अकादमिक श्रेष्ठता के लिए स्पेशल मेंशन फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस एंड डिस्टिंग्विश्ड परफॉर्मेंस सम्मान से भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि फेलोशिप इन स्लीप मेडिसिन (एफएसएम) भारत में स्लीप मेडिसिन के क्षेत्र की सर्वोच्च मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय परीक्षाओं में से एक है। इस परीक्षा का आयोजन इंडियन स्लीप डिसऑर्डर्स एसोसिएशन (आईएसडीए) द्वारा किया जाता है। इसके माध्यम से ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया, इनसोम्निया, नार्कोलेप्सी सहित विभिन्न नींद संबंधी विकारों के निदान एवं प्रबंधन में विशेषज्ञता का आकलन किया जाता है। देशभर के चिकित्सा विशेषज्ञ इसे अत्यंत प्रतिष्ठित परीक्षा के रूप में मान्यता देते हैं।

तीनों चिकित्सकों की इस उपलब्धि में डीएम पल्मोनरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आर्य के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में विभाग में अकादमिक उत्कृष्टता एवं शोध गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत सक्सेना, विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आर्य तथा संकाय सदस्यों ने तीनों सफल चिकित्सकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पटाखा बाजार की जांच कराई जाएं, उल्लंघन मिलने पर लाइसेंस निरस्त करें : कलेक्टर

- स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे की गुटखा दुकानें हटाये



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कठौंदा स्थित थोक पटाखा बाजार की सख्त जांच करने के साथ विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने की हिदायत अधिकारियों को दी है। उन्होंने कुंडम, पाटन एवं सिहोरा तहसील में भी पटाखा निर्माण इकाईयों की जांच करने और प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर बंद लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बारिश शुरू होते ही खाद की मांग और वितरण केंद्रों पर किसानों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए जिले में स्थित सभी उर्वरक वितरण केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। सिंह सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर सिंह ने बैठक में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिस भी विभाग के अधिकारियों ने शत प्रतिशत कार्य कर लिए हैं वे इस पुरस्कार के लिए 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कलेक्टर ने 1 जुलाई से शुरू हो रहे नशामुक्ति अभियान की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में लगी पान, गुटखा की दुकानों की जानकारी लेते हुए संबंधित दुकानों की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराकर नगर निगम की टीम के साथ दुकानों को हटाने एवं जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नीता राठौर, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। वहीं फील्ड में पदस्थ अधिकारी विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

# विसबल रांझी में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला



**नवभारत, जबलपुर।** 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (विसबल) रांझी में ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा 'तनाव प्रबंधन एवं आंतरिक शांति' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन, उप सेनानी मोनिका तिवारी और सहायक सेनानी सुबोध लोखंडे की उपस्थिति में लगभग 120 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने इसमें सहभागिता की। माउंट आबू से आए भाई हितेश टूटेजा, भाई कमल टूटेजा और भाई दत्ता रोकड़ें ने तनाव के कारणों, बचाव और सकारात्मक जीवनशैली पर प्रकाश डाला, जबकि बीके भावना बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं कैंसर विशेषज्ञ डॉ. श्यामजी रावत द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक सारिका पांडेय, निरीक्षक विक्रम सिंह, सुशील बागरी और ज़ालिम सिंह बरकड़े उपस्थित रहे, जिन्होंने अंत में विशेषज्ञों का आभार जताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर करने की आवश्यकता पर बल दिया।


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मैं श्रीमति शिवानी रिछारिया पति श्री नवीन रिछारिया निवासी-म.नं. 6 शीतलपुरी, उखरी रोड, बल्देवबाग, चेरीताल वार्ड, जिला जबलपुर के द्वारा मौजा रिमझा, न.ब. 506, प.ह.न. 23, नया 79 रा.नि.मं. महाराजपुर, दादा ठनठनपाल वार्ड नं. 72. तह. आधारताल जिला जबलपुर में T&CP approved कालोनी ड्रीमलैण्ड सिटी जिसे डेव्हलपर बाबा रामदेव डेव्हलपर एण्ड लिमिटेड द्वारा खसरा क्रं. 166, 167, 169/1, 169/2, 169/3, 171, 172/1, 172/2, 172/3, 173/1, 173/2, 179/1, 179/2 कुल रकबा 10.50 हेक्टेयर भूमि पर कालोनी का निर्माण कराया गया जिसमें से लेआउट प्लाट नंबर 277 प्लाट एरिया 20X50-1000 वर्गफुट एवं 278 प्लाट एरिया 20X50-1000 वर्गफुट को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय जबलपुर में दिनांक 26.07.2013, बुक नं.ए-1, ग्रंथ क्रं. 555, पेज नंबर 78-88, दस्तावेज नंबर 1333 के माध्यम से क्रेता श्री पंकज कुमार चौकसे आत्मज श्री पीताम्बर प्रसाद चौकसे, निवासी 65, कामथ वार्ड गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर को विक्रय किया था तत्पश्चात् क्रेता पंकज कुमार चौकसे आत्मज पीताम्बर प्रसाद चौकसे द्वारा अपने दोनों प्लाटों में से प्लाट नंबर 277 का विक्रय दिनांक 15.09.2015 को दस्तावेज क्रं. MP182552015A1080617 के माध्यम से पूर्व क्रेता श्रीमति संगीता जैन पति श्री आलोक कुमार जैन एवं श्रीमति विजेता जैन पत्नि श्री अमित कुमार जैन को कर दिया था और प्लाट नंबर 278 का विक्रय दिनांक 15.09.2015 को दस्तावेज क्रं. MP182552015A1080622 के माध्यम से मेरे पक्षकार वर्तमान भू-स्वामी श्रीमति शिवानी रिछारिया पति श्री नवीन रिछारिया को कर दिया है और श्रीमति संगीता जैन पति श्री आलोक कुमार जैन एवं श्रीमति विजेता जैन पत्नि श्री अमित कुमार जैन द्वारा भी अपनी उक्त सम्पत्ति प्लाट नं. 277 का विक्रय मेरे पक्षकार वर्तमान भू-स्वामी श्रीमति शिवानी रिछारिया को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09.03.2018, दस्तावेज नं. MP182552018A1151717 को कर दिया गया है।

यह कि, उपरोक्त दोनों असल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2013, दस्तावेज क्रं. 1333 एवं विक्रय पत्र दिनांक 15.09.2015 दस्तावेज क्रं. MP182552015A1080617 दिनांक 22.06.2026 को दोपहर 2.30 बजे मेरे घर से यातायात आफिस के पास फोटाकापी कराने के लिये जाने पर कहीं बीच में गिर कर गुम हो गये है जिसे बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिले, जिसके उपरांत दोनों असल लिंक बैनामा दिनांक 26.07.2013 एवं 15.09.2015 के गुम होने की रिपोर्ट पुलिस थाना कोतवाली जिला जबलपुर में दिनांक 29.06.2026 को मुझ क्रेता/भू-स्वामी श्रीमति शिवानी रिछारिया पति श्री नवीन रिछारिया द्वारा की गई है।

यह कि, मै श्रीमति शिवानी रिछारिया पति श्री नवीन रिछारिया निवासी म.नं. 6, शीतलपुरी, उखरी रोड, बल्देवबाग, चेरीताल वार्ड, जिला जबलपुर के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के तारतम्य में राष्ट्रीयकृत बैंक, जबलपुर से ऋण प्रस्तावित है, यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति/भूमि में कोई व्यक्ति अपना हक, हिस्सा/ हित रखता हो या फिर किसी बैंक/वित्तीय संस्था/ सहकारी समिति/ राष्ट्रीयकृत बैंक या व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के 07 दिनों के अंदर मेरे आफिस में मय दस्तावेज के संपर्क कर सकता है और समयावधि पश्चात् कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

जबलपुर,
दिनांक 29.06.2026

भवदीय
श्रीमति शिवानी रिछारिया
पति श्री नवीन रिछारिया
निवासी-म.नं. 6 शीतलपुरी, उखरी रोड, बल्देवबाग, चेरीताल वार्ड, जिला जबलपुर मो.नं. 9425161183


# रेलवे पार्सल ऑफिस में चोरियां बढ़ीं, मोर्चा ने की शिकायत



**नवभारत, जबलपुर।** रेलवे के पार्सल ऑफिस में आए दिन हो रही चोरी की वारदातों को लेकर मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने आरपीएफ और पार्सल ऑफिस जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने रेल प्रशासन से चोरों को जल्द पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि रेलवे के ढीले-ढाले रवैये के चलते पार्सल चोरों के हौसले बुलंद हैं, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मोर्चा के सचिव दिलीप विश्वकर्मा ने बताया कि वे 'श्री राम रेल कार्गो' का काम करते हैं, जिनका माल नियमित रूप से पार्सल ऑफिस के माध्यम से आता-जाता है। हाल ही में जब मुंबई की गाड़ी से उनका पार्सल आया, तो प्लेटफॉर्म पर ही अज्ञात तत्वों ने पार्सल से सामान चोरी कर लिया। मोर्चा के अनुसार यह चोरी की पहली वारदात नहीं है, बल्कि इससे पहले भी कई पार्सलों से कीमती सामान गायब होने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन रेल प्रशासन की लापरवाही के कारण इस पर लगाम नहीं लग पा रही है। इस मामले में चोरों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की मांग करने वालों में मध्य भारत मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, नरेश, अभिराज, आकाश और सुमित शामिल हैं।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी होंगे सेवानिवृत्त

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से आज एक अधिकारी और दो कर्मचारी लंबी शासकीय सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कंपनी के कार्यालय अधीक्षण अभियंता वृत्त मंडला में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ मो. अयूब खान 35 वर्ष 4 माह की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसी तरह जबलपुर स्थित कंप्यूटर पद्धति एवं संचलन कार्यालय में कंसोल ऑपरेटर के पद पर पदस्थ कल्लोल साहा 38 वर्ष 1 माह की सेवा तथा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय जबलपुर में



कार्यालय सहायक श्रेणी-दो के पद पर पदस्थ ब्रजमोहन सोनी 39 वर्ष 10 माह की लंबी सेवा के उपरांत 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## आर्थिक तंगी से परेशान मां-बेटी ने लगाई फांसी

**अनूपपुर, नवभारत 29 जून।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत खमरोध गांव में आर्थिक तंगी से जूझ रही मां और बेटी ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक आम के पेड़ की अलग-अलग डालियों पर लटके मिले। घटना की सूचना मिलने पर सोमवार को पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। भरण-पोषण राशि का मामला न्यायालय में विचाराधीन थापुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 42 वर्षीय मीरा रैदास और उनकी 24 वर्षीय बेटी पूनम रैदास के रूप में हुई है।


## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार केपरी ग्लोबल हाउसिंग फायेनेन्स लिमि जबलपुर के प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार के हितग्राही श्री राजेश अग्रवाल पिता श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल निवासी 319 शिवनगर दमोह रोड जबलपुर की संपत्ति भूमि नजूल ब्लाक नं. 49 प्लाट नं. 11/1 का भाग का प्लाट रकवा 440 वर्गफीट तल मंजिल निर्मित रकवा 440 वर्गफीट प्रथम मंजिल निर्मित रकवा 440 वर्गफीट एवं द्वितीय मंजिल निर्मित रकवा 440 वर्गफीट, मकान नं. 94 का भाग महात्मागांधी वार्ड तहसील व जिला जबलपुर है उक्त संपत्ति हितग्राही ने Regi. Sale Deed dated 12-11-2013 Vol. no. 398 Doc. No. 664 के जरिये श्री मुकेश उपाध्याय पिता स्व. भगवान दास उपाध्याय 2. श्रीमती इंदु उपाध्याय पत्नि स्व. श्री दिनेश उपाध्याय 3. कु स्वाति उपाध्याय 4. कु. सुनीति उपाध्याय 5. कु. भावना उपाध्याय 3 से 5 के पिता स्व. दिनेश उपाध्याय से क्रय की थी उपरोक्त संपत्ति का लीज नवीनीकरण नहीं हुआ है उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार बंधक कर हितग्राही का ऋण दे रहे हैं उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी / गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक / रहन / गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष/मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों सहित, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक कर ऋण स्वीकृत किये जाने की कार्यवाही की जावेगी, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर,
दिनांक :- 29/06/2026 बृजेन्द्र बड़गैयाँ (एडवोकेट)
कार्या - 823 शाहीनाका गढ़ा जबलपुर
मो. नं. 7999056327


# दुर्घटना पीड़ित परिवार को 1 लाख की सहायता मंजूर

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के बिजुरी क्षेत्र में दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को आर्थिक राहत प्रदान करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जारी आदेश के अनुसार, बिजुरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 गौटियान मोहल्ला, लोहसरा भाछा निवासी स्वर्गीय रूपलाल केवट की दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद उनकी पत्नी यशोदा केवट को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से यह सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को नियमानुसार सहायता राशि का आहरण कर शीघ्र हितग्राही को वितरित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन के अनुसार यह आर्थिक सहायता दुर्घटना से प्रभावित परिवार को तत्काल आर्थिक सहांबल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वीकृत की गई है।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**निवास, नवभारत।** मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। छपरा चौराहा पर एक तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जेवरा-चकदेही मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मौके पर पहुंचे निवास विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश व मुआवजे के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हो सका। जानकारी अनुसार वन ग्राम केरीवाह निवासी सुरेश मरावी पिता पहल सिंह, उम्र लगभग 45 वर्ष सोमवार सुबह पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपनी बाइक से चकदेही नर्मदा तट स्नान करने गए थे। स्नान करने के बाद जब वह वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान जेवरा मार्ग की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी, और बोलेरो का चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

# नोवा 2 सीरीज की अगली बिक्री आज से होगी



**नवभारत, जबलपुर।** एआई प्लस स्मार्टफोन के नए नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो की अगली सेल 30 जून को दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी। इससे पहले 26 जून को हुई पहली बिक्री में इन दोनों स्मार्टफोन्स का पूरा स्टॉक बिक गया था। ब्रांड के प्रमुख लॉन्च इवेंट 'इंडियाज़ गॉट नोवा' में इन्हें पेश किया गया था, जिसकी मेजबानी गैजेट गुरु राजीव मखनी ने की थी। इस मौके पर कॉमेडियन समय रैना और कंपनी के सीईओ माधव सेठ भी मौजूद थे। यह सीरीज़ पहली बार 5जी खरीदने वालों और बेहतर परफॉर्मेंस चाहने वाले ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

## जानिए नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो के फीचर्स

नोवा 2 नियो में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर, 120हर्ट्ज़ एचडी+ डिस्प्ले, 6000एमएएच बैटरी और एंड्रॉइड 16 आधारित नेक्स्टक्वांटम ओएस मिलता है। दूसरी तरफ, नोवा 2 प्रो में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 प्रोसेसर और 144हर्ट्ज़ एफएचडी+ डिस्प्ले दिया गया है। दोनों ही स्मार्टफोन्स में 48एमपी सोनी आईएमएक्स582 कैमरा, फास्ट चार्जिंग और प्रीमियम डिज़ाइन शामिल है। ओपन रिव्यू प्रोग्राम के तहत इसमें टेक क्रिएटर्स, रिव्यूअर्स, मीडिया और ग्राहकों को भी शामिल किया गया ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## सीईओ ने जताया ग्राहकों का आभार

एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट के संस्थापक माधव सेठ ने कहा कि पहली ही बिक्री में पूरा स्टॉक बिकना यह दिखाता है कि ग्राहक किफायती दाम में अच्छी परफॉर्मेंस, डिज़ाइन और सॉफ्टवेयर चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इस साल की शुरुआत में नोवा 2 और नोवा 2 अल्ट्रा को भी शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। अब अगली बिक्री के ज़रिए कंपनी नोवा सीरीज़ का यह बेहतरीन अनुभव देश के और अधिक ग्राहकों तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह तैयार है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)

### द्वितीय निविदा सूचना

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/340 | Date : 29/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID-2026_UAD_518150_1<br>Date-01/07/2026 | चेरीवार्ड अंतर्गत वसुधरा कॉलोनी में कैलाश नेमा से हनुमंत सिंह जी एवं कंचन एवेन्यु मेन गेट से लेकर छाया डयूप्लेक्स गार्डन तक एम-30 सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 03 माह<br>11.66 लाख | 2000/-<br>8752/- | 15/07/2026 |
| 2. | Tender ID-2026_UAD_518150_2<br>Date-01/07/2026 | जय प्रकाश नारायण वार्ड अंतर्गत नरेश बजाज जी के निवास के पास एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 03 माह<br>19.72 लाख | 2000/-<br>14791/- | 15/07/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर